भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण
राजभाषा अनुभाग
****

सं. सीईए-एसवाई-27-13/1/2022-रा.भा./4 दिनांक- 5 अप्रैल, 2024

विषय: के.वि.प्रा. की 'विद्युत वाहिनी' राजभाषा त्रैमासिक पत्रिका के आगामी अंको में प्रकाशन हेतु रचनाएं भेजने का अनुरोध।

इस कार्यालय के दिनांक 4 अक्तूबर, 2023 के समसंख्यक परिपत्र के अनुसरण में आपको सूचित किया जाता है कि विद्युत वाहिनी पत्रिका का षष्टम अंक डिजिटल रूप से केविप्रा की वेबसाइट cea.nic.in के राजभाषा पत्रिका लिंक में उपलब्ध है तथा पत्रिका के आगामी अंकों हेतु आप सभी से निम्नलिखित विशेषांकों पर आधारित रचनाएँ तथा तकनीकी लेख आमंत्रित किए जाते हैं- **1. अक्षय ऊर्जा एकीकरण विशेषांक (आर. ई. इंटीग्रेशन), 2. वितरण ऊर्जा बाजार विशेषांक (डिस्ट्रिब्यूशन एनर्जी मार्केट), 3. तापीय विशेषांक (थर्मल), 4. ऊर्जा भंडारण (एनर्जी स्टोरेज)**

उक्त परिपत्र में विस्तृत रूप से मानदेय तथा अन्य सभी विवरण दिए गए हैं तथा आपसे अनुरोध है कि दिनांक 15 जून, 2024 तक अपनी रचनाएँ यथाशीघ्र भेजने का कष्ट करें जिसके लिए केविप्रा के कार्मिकों के लिए निम्नलिखित प्रकार से मानदेय दिए जाने का भी प्रावधान है-

- तकनीकी लेख के लिए अधिकतम राशि रू0 3000/- मात्र तथा

- गैर-तकनीकी लेख आदि के लिए अधिकतम राशि रू0 1500/-मात्र

लेख संपादन योग्य प्रारूप (editable form) में होने चाहिए, साथ में लेखक/लेखकों का नाम, पासपोर्ट आकार का फोटो, पदनाम, प्रभाग, फ़ोन नंबर व ईमेल भी भेजें। लेखों के साथ आपका बैंक खाता संख्या, IFSC कोड और बैंक का नाम भी भेजा जाए ताकि प्रकाशन के लिए लेख के चयन पर राशि की प्रतिपूर्ति की जा सके। (Your bank account number, IFSC code, and bank name also be sent along with the articles, so that the amount can be reimbursed upon selection of the article for publication).

सामग्री भेजने के लिए ईमेल-

vidyutvahini-cea@gov.in, rajbhashacea@gmail.com

केविप्रा के प्रभागों/अनुभागों के कार्यकलापों व उपलब्धियों, पावर सेक्टर से संबंधित समाचार/बैठकों के समाचार, फोटो सहित सम्मिलित करने के लिए पत्रिका के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ आमंत्रित किए जाते हैं।

5/4/24

(ऊषा वर्मा)
उप निदेशक (राजभाषा) एवं
सहायक संपादक 'विद्युत वाहिनी', केविप्रा

सेवा में,

1. केविप्रा के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण।
2. केविप्रा के सभी अधीनस्थ कार्यालय।

प्रतिलिपि सूचनार्थः

राजभाषा प्रभारी एवं मुख्य अभियंता (आई सी एण्ड सी), केविप्रा